अभिमानी बनेंगे तो सफलता कुछ देर की ही रहेगी : प्रो शैलेंद्र सिंह

इग्नू के दीक्षांत समारोह में आईआईएम के डायरेक्टर ने कहा

स्टूडेंट्स को दी गई डिग्री.

ranchi@inext.co.in

RANCHI (18 Feb) : अभिमान चरित्र के साथ-साथ करियर को भी तबाह कर देता है. ज्ञान प्राप्त करने के साथ विनम्रता व कृतज्ञता का गुण शामिल हो जाए तो आप दुनिया जीत सकते हैं. अपने गुरु और माता-पिता के प्रति कृतज्ञ बनें. अभिमानी बनेंगे तो आप कितने भी ज्ञानी क्यूं न हो, सफलता क्षणिक ही रहेगी. उक्त बातें इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक हेल्थ नामकुम के ऑडिटोरियम में आयोजित इग्नू के 33वें दीक्षांत समारोह में आइआइएम, रांची के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने कही. निदेशक ने उपाधि प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स से कहा कि आप अपनी योग्यता व मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं. अब आगे गोल्डेन चांस है. अवसर को पहचान कर इसके साथ जीवन में आगे बढ़ें. कार्यक्रम में इग्नू रीजनल डायरेक्टर डॉ शुभकांत मोहंती ने प्रो शैलेंद्र सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. मौके पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ रागिनी सहित अन्य मौजूद थे.

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस है चुनौती

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मोहंती ने कहा कि बदलते समय के साथ नॉलेज व स्किल को अपग्रेड करते रहने की जरूरत है. ऐसे परिदृश्य में इग्नू महत्वपूर्ण रोल निभा रहा है. टेक्नोलॉजी व ग्लोबलाइजेशन के युग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस चुनौती बनकर उभरा है. हमारी महत्ता बनी रहे इसके लिए जरूरी है कि हम स्किल्ड हो जाएं. उन्होंने कहा कि इग्नू डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपना रहा है. हमने सबसे पहले ऑनलाइन प्रोग्राम शुरू किया. उन्नत भारत अभियान के तहत हमने गावों के विकास के लिए उसे गोद लिया. निदेशक ने कहा कि इग्नू रांची सेंटर की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई थी. उस समय 9000 स्टूडेंट्स थे वर्ष 2019 में 52322 स्टूडेंट्स इनरॉल्ड हैं. बेस्ट लर्नर सपोर्ट के लिए रांची सेंटर को दो बार गोल्ड मेडल मिल चुका है.

14876 स्टूडेंट्स को डिग्री

समारोह में 14876 स्टूडेंट्स के डिग्री की स्वीकृति दी गई. इसमें सबसे अधिक मास्टर डिग्री प्राप्त करने वाले 6083, बैचलर डिग्री के 3695, डिप्लोमा के 3491 व सर्टिफिकेट कोर्स के 1607 विद्यार्थी शामिल हैं. कार्यक्रम में करीब 400 विद्यार्थी डिग्री सर्टिफिकेट लेने पहुंचे थे. डिग्री प्राप्त करने वालों में दो गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं जिन्होंने दिल्ली में आयोजित इग्नू के कन्वोकेशन में गोल्ड मेडल व डिग्री प्राप्त किया. ये दोनों गोल्ड मेडलिस्ट पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कोर्स की रुमा भारती व पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के श्वेता कुमारी हैं.

Dainik Jagaran inext, 19.02.2020, Pg. 11